# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक दिनांक 22.11.2023 का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट ऑफिस में दिनांक 22.11.2023 को गई है। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय ललितपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
4. प्रभागीय निदेशक, महोदय वन विभाग ललितपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यान्त्रिक विभाग, झांसी।
7. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, ललितपुर।
8. प्रतिनिधि पी0डब्लू0डी0, ललितपुर।
9. प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी ललितपुर।
10. प्रतिनिधि पी0एम0जी0एस0वाई0, ललितपुर।
11. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
12. श्री अशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, ललितपुर।
13. श्री सुभाष विश्नोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, डारा ललितपुर।
14. श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
15. श्री रघु बाबु, जी0एम0, सुधाकरा, ललितपुर।
16. श्री संजीव शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, बानक्रो गंगा ललितपुर।
17. श्री अनुपम मिश्रा, डी0सी0, मेसर्स जीवन ज्योति, (आई0एस0ए0), ललितपुर।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कुल 15 योजनाओं के कार्यों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं एवं सम्बन्धित विभाग को निम्न निर्देश दिये गये–

1. बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना को भौरट बांध से Raw water की जल आपूर्ति की जानी है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ललितपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना में जल की आपूर्ति के लिए भौरट बांध में जल स्तर 354.50 मीटर होना आवश्यक है, परन्तु वर्तमान में ( दिनांक– 22.11.2023) बांध का जल स्तर 353.00 मीटर है।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, द्वारा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता से बांध में जल स्तर पर्याप्त न रहने के सम्बन्ध में पूछा गया तो सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि भौरट बांध में जल स्तर 354.50 मीटर रहने पर 3.00 हेक्टेयर वन भूमि डूब क्षेत्र में आ जाती है, वन विभाग से अंतिम अनापत्ति का निराकरण नहीं हुआ है, इस कारण बांध में जल 354.50 मीटर स्तर तक नहीं भरा जा सकता।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि भौरट बांध परियोजना के अन्तर्गत कुल 209.805 हेक्टेयर वन भूमि डूब क्षत्र में आ रही हैं जिसके सापेक्ष वन विभाग को 155.807 हेक्टेयर भूमि दिया जा चुका है एवं 55 हेक्टेयर भूमि दिया जाना शेष CAT, CA, NPV आदि हेतु रू0 62.63 करोड़ की राशि भी दिया जाना अवशेष है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा सूचित किया गया कि भौरट बांध परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 812.77 करोड़ (वर्ष 2014) के सापेक्ष वर्तमान में पुनरीक्षित लागत 1243.91 करोड़ हो गई है जिसकी EFC कि स्वीकृति अभी आपेक्षित है।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता ने सूचित किया कि वन विभाग में शासन स्तर पर प्रकरण लंबित होने के कारण से भौरट बांध से जल जीवन मिशन के लिए पेयजल माह जुलाई 2024 में आपूर्ति करना सम्भव हो पायेगा। इस संबंध में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ललितपुर द्वारा सूचित किया गया कि बिना अनुमति के भौरट बांध में जल भराव करने पर उल्लघंन की श्रेणी में आयेगा एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार कार्यवाही करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि शासन स्तर पर सिंचाई एवं वन विभाग कि बैठक कराकर समस्या का निराकरण कराया जाये।

2. PMGSY के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कुड़ेसरा मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत मुकतौरा, खाड़ी एवं रारा ग्राम कि रोड पर पाइप लाइन बिछाने में आ रही समस्या का निराकरण शीघ्र करायें।
3. वन विभाग में लम्बित इलैक्ट्रिकल एन0ओ0सी0 का निराकरण शीघ्र करने के लिए प्रभागीय निदेशक वन विभाग को निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि एन0ओ0सी0 प्राप्त रेलवे एवं NHAI

Scanned with OKEN Scanner

से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें जिससे कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित योजनाओं को विद्युत कनेक्शन दिया जा सके एवं योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में जल आपूर्ति की जा सके। अभी तक विद्युत विभाग द्वारा मात्र 32 कनेक्शन स्वतंत्र ऊर्जीकृत किये गये है एवं 23 टैपिंग द्वारा किये गये है। शेष 4 कनेक्शन स्वतंत्र ऊर्जीकृत किये जाने का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निगम एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि संयुक्त बैठक करके स्वतंत्र ऊर्जीकृत किये गये कनेक्शन कि पुष्टि करे एवं एक सप्ताह मे सूचि प्रस्तुत करें। कनेक्शन किये गये योजनाओ मे भी वोल्टेज कम होने के कारण जल आपूर्ति नही हो पाता है। इस सम्बंध मे विद्युत विभाग को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त वोल्टेज कि इलेक्ट्रिक सप्लाई सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा शिकायत किया गया कि बहुत दिनो से इलेक्ट्रिक सप्लाई नहीं हो रही है जिसके कारण योजनाओ से संबंधित ग्रामो मे जल आपूर्ति करने मे बाधा उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कम वोल्टेज वाले कनेक्शनों का विद्युत विभाग एवं जल निगम के संयुक्त जॉच/सर्वे करने के लिए निर्देशित किया गया है। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि सहायक अभियन्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त करने एवं Whatsaap group बनायें।

4. उच्च माध्यमिक विद्यालय चकौरा (कम्पोजिट) ब्लॉक स्तर जनपद ललितपुर को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत सभी कार्यदायी संस्थाओं को सी0एस0आर0 फण्ड के अन्तर्गत शीघ्र कार्य शुरु करने हेतु निर्देशित किया गया अन्यथा कि स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

5. सभी कार्यदायी संस्थाओ को सी0एस0आर0 फण्ड के अन्तर्गत "सचल जल समाधान वैन (Van)" (वाटर एम्बुलेन्स) शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

6. DPRO को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अधिकारी से नल जल मित्र की लिस्ट शीघ्र उपलब्ध करवायें।

7. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि Signage board की स्थापना एवं नये Colour code के अनुसार Painting शीघ्र पूर्ण करे एवं पूर्ण किये गये की List प्रस्तुत करे।

8. सभी कार्यदायी संस्थाओं स्कूल, आंगनबाड़ी पंचायत एवं अन्य शासकीय भवनों में किये गये कनेक्शनो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

9. सभी कार्यदायी संस्थाओ/पी0एम0सी0 एवं जल निगम को निर्देशित किया गया कि हर घर जल Certificate के 50 ग्रामो की सूचा उपलब्ध करायें जिससे ग्राम प्रधानों के साथ VC करके प्रमाणित कराया जा सके।

उक्त बैठक के कार्यवृत्त के सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

(लवकुश कुमार त्रिपाठी)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति,
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक– 3216/ W-15/166 दिनांक 29-11-2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय SWSM लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय ललितपुर को सादर सूचनार्थ।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर।
5. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, ललितपुर।
7. प्रभागीय निदेशक वन विभाग ललितपुर।
8. टीम लीडर थीम–पी.एम.सी. ललितपुर।
9. समस्त कार्यदायी संस्था जल जीवन मिशन ललितपुर।
10. अधिशासी अभियन्ता PMGSY ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति,
ललितपुर।